आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: nsscceraj@gmail.com Ph.:8209357575

क्रमांकः एफ.8(30)जिला समन्वयक/NSS/CCE/2022/907-10 दिनांकः 7 दिसम्बर, 2022

स्मरण–पत्र

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय :– राष्ट्रीय सेवा योजना हेतु जिला समन्वयक के चयन बाबत।
सन्दर्भ :– विभाग के पत्र कमांक एफ.8(30)जिला समन्वयक/NSS/CCE/2022/876–79 दिनांक 25.11.2022.

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक जिन्हें तीन वर्ष से अधिक का समय पूर्ण हो चुका है, उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाकर उनके स्थान पर नये जिला समन्वयक नियुक्त किये जाने हेतु सन्दर्भित पत्र के द्वारा आपके महाविद्यालय में उर्जावान, युवा एवं सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों से जुडने के इच्छुक अधिकारी का आवेदन पत्र दिनांक **05.12.2022** तक समन्वयक, युवा कौशल एवं विकास प्रकोष्ठ, आयुक्तालय की ई–मेल आई.डी. nsscceraj@gmail.com पर भिजवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

प्रायः देखा जा रहा है कि आयुक्तालय द्वारा समय समय पर दिये गये आदेशों/निर्देशों की पालना आपके द्वारा सुनिश्चित नहीं की जा रही है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय में उर्जावान, युवा एवं सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों से जुडने के इच्छुक अधिकारी का चयन कर दिनांक **16.12.2022** तक समन्वयक, युवा कौशल एवं विकास प्रकोष्ठ, आयुक्तालय की ई–मेल आई.डी. nsscceraj@gmail.com पर आवेदन पत्र भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

कृपया कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

भवदीय,

(डॉ. शैला महान)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

प्रतिलिपि –

1. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
3. वेब साईट प्रभारी, आयुक्तालय को अपलोड बाबत।

7/12/22

(डॉ. सुरेन्द्र सिंह)
समन्वयक,
युवा कौशल एवं विकास प्रकोष्ठ